भारतीय रेल में अस्पताल प्रबंधन

पर

भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक
का प्रतिवेदन

मार्च 2013 को समाप्त वर्ष के लिए

.....को लोकसभा/राज्यसभा में प्रस्तुत किया गया

संघ सरकार (रेलवे)
2014 की प्रतिवेदन संख्या 28
(निष्पादन लेखापरीक्षा)

विषय-सूची

	पैराग्राफ	पृष्ठ
प्राक्कथन		v
संकेताक्षरों की सूची		vi – x
कार्यकारी सार		xi
मुख्य लेखापरीक्षा निष्कर्ष		xii-xv
सिफारिशें		xv-xvi
अध्याय 1 - प्रस्तावना		
संगठन व्यवस्था	1.1	2
लेखापरीक्षा उद्देश्य	1.2	2
लेखापरीक्षा मानदंड के स्रोत	1.3	3
कार्यक्षेत्र एवं लेखापरीक्षा पद्धति	1.4	3
अभिस्वीकृति	1.5	4
अध्याय 2 – वित्तीय प्रबंधन		
व्यय की प्रवृत्ति	2.1	5
बजटिंग राजस्व व्यय	2.2	6
बजटिंग पूँजीगत व्यय	2.3	8

अध्याय 3 – श्रमबल प्रबंधन		
श्रमबल की उपलब्धता	3.1	10
अध्याय 4 – सामग्री प्रबंधन		
दवाईओं की खरीद	4.1	22
औषधि का भण्डारण	4.2	28
भण्ड़ार सत्यापन	4.3	30
अधिशेष भण्ड़ार	4.4	31
औषधि विश्लेषण	4.5	32
चिकित्सा उपकरणों की अधिप्राप्ति	4.6	34
अध्याय 5 – अस्पताल प्रशासन		
अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली	5.1	39
दस्तावेजीकरण	5.2	41
उपचार सुविधायें	5.3	44
डाइट प्रभार	5.4	48
जल गुणवत्ता	5.5	51
खाद्य गुणवत्ता	5.6	54
अस्पताल अपशिष्ट प्रबंधन	5.7	55

राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम	5.8	58
विविध	5.9	60
निष्कर्ष	5.10	64
सिफारिशें	5.11	66
परिशिष्ट		
संगठन चार्ट	परिशिष्ट I	69
नमूना जाँच लेखापरीक्षा के लिए प्रतिदर्श आकार के चयन को दर्शाने वाला विवरण	परिशिष्ट II	70-74
''उत्पादन इकाईयों के अस्पतालों के'' बजट अनुदान (बीजी/अंतिम अनुदान (एफजी) और वास्तविक व्यय (एई) के बीच अंतर को दर्शाने वाला विवरण	परिशिष्ट III	75
निधियों के आबंटन और व्यय तथा 2008-13 के दौरान सेन्ट्रल अस्पतालों में उपचार किए गए मरीजों की संख्या को दर्शाने वाला विवरण	परिशिष्ट IV	76
2012-13 में अस्पतालों में डाक्टरों की कमी	परिशिष्ट V	77
केंद्रीय अस्पतालों, डिवीज़नल एवं सब-डीवीज़नल अस्पतालों तथा उत्पादन इकाईयों में डॉक्टर-मरीज अनुपात	परिशिष्ट VI	78-80
अध्याय 3 का अनुलग्नक (श्रम बल प्रबंधन)	परिशिष्ट VII	81-82

द.म.रे. में सीमित निविदा आधार पर अधिप्राप्ति के बजाए पीएसी श्रेणी के अन्तर्गत एकल निविदा आधार पर दवाईओं की अधिप्राप्ति के प्रति अतिरिक्त व्यय दर्शाने वाले विवरण	परिशिष्ट VIII	83
अध्याय 4 का अनुलग्नक (सामग्री प्रबंधन)	परिशिष्ट IX	84-90
बजट आवंटन के 15 प्रतिशत से अधिक दवाईओं और सर्जिकल मदों की स्थानीय खरीद को दर्शाने वाला विवरण	परिशिष्ट X	91-93
अध्याय 5 का अनुलग्नक (अस्पताल प्रशासन)	परिशिष्ट XI	94-100
चयनित डिवीज़नल अस्पतालों पर न्यूनतम अस्पताल स्पेशलिटी सेवाओं की सीमा में कमी दर्शाने वाला विवरण	परिशिष्ट XII	101
आहार मूल्य की गणना हेतु ओवरहेड़ के अपर्याप्त प्रावधान के कारण हानि दर्शाने वाला विवरण	परिशिष्ट XIII	102-103

प्राक्कथन

मार्च 2013 को समाप्त वर्ष के लिए यह प्रतिवेदन भारत के संविधान के अनुच्छेद 151 के अन्तर्गत राष्ट्रपति को प्रस्तुत करने के लिए तैयार किया गया है।

भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की इस रिपोर्ट में 2008-2013 की अवधि के लिए भारतीय रेल में अस्पताल प्रबंधन की समीक्षा के परिणाम निहित हैं।

इस रिपोर्ट में शामिल दृष्टांत वे हैं जो समीक्षा के दौरान पाये गये तथा साथ-साथ जिसे पूर्व के वर्षों में देखा गया लेकिन पिछली लेखापरीक्षा रिपोर्टों में रिपोर्ट नहीं किया जा सका; 2013-14 के बाद की अवधि से संबंधित मामलों को भी शामिल किया गया है, जहाँ भी आवश्यक है।

लेखापरीक्षा भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक द्वारा जारी लेखापरीक्षण मानकों के अनुसार की गई है।

लेखापरीक्षा, लेखापरीक्षा प्रक्रिया के प्रत्येक चरण पर रेल मंत्रालय से प्राप्त सहयोग पर आभार व्यक्त करता है।

रिपोर्ट में प्रयोग किये गये संकेताक्षर

एसीएमएस	सहायक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक
एडीएमओ	सहायक मण्डलीय चिकित्सा अधिकारी
एडीए	आद्रा
एआरएमई	दुर्घटना राहत चिकित्सा उपकरण
एएमसी	वार्षिक रखरखाव ठेका
एई	वास्तविक व्यय
एएमआई	वार्षिक चिकित्सा मांगपत्र
एएससी	सहायक सुरक्षा आयुक्त
बीएएम	ब्रहमपुर
बीसीटी	मुंबई सेन्ट्रल
बीजी	बजट अनुदान
बीकेआई	बांदीकुई जंक्शन
बीडब्ल्यूटी	बांगरापेट
बीजेडए	विजयवाड़ा
बीवाई	बाइकुला
बीबीएस	भुवनेश्वर
बीएनडीएम	बोंडामुण्डा
बीएनजेड	बादशाहनगर
सीआर	मध्य रेलवे
सीएलडब्ल्यू	चितरंजन रेल इंजन कारखाना, चितरंजन
सीएचडी	मुख्य स्वास्थ्य निदेशक
सीएच	केन्द्रीय अस्पताल
सीजीएचएस	केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना
सीएमपी	कांट्रेक्ट चिकित्सक
सीएमई	मुख्य यांत्रिक अभियंता
सीओएस	भण्डार नियंत्रक
सीएसटीएम	छत्रपति शिवाजी टर्मिनल
सीटी	कंप्यूटरीकृत टोमोग्राफी

डीआरएफ	मूल्यह्रास आरक्षित निधि
डीएफ II	विकास निधि II
डीएलडब्ल्यू	डीज़ल रेल इंजन कारखाना, वाराणसी
डीएमडब्ल्यू	डीज़ल रेल इंजन नवीकरण कारखाना, पटियाला
डीजी (आरएचएस)	महानिदेशक (रेलवे स्वास्थ्य सेवा)
डीएमओ	मण्डलीय चिकित्सा अधिकारी
डीएच	मण्डलीय अस्पताल
डीएलएस	डीज़ल इंजन शेड
ईडी (हेल्थ)	कार्यकारी निदेशक (स्वास्थ्य)
ईआर	पूर्व रेल
ईसीआर	पूर्व मध्य रेल
ईसीओआर	पूर्व तट रेल
ईएनटी	कान, नाक और गला
ईडी	इरोड
ईडीएच	अतिरिक्त मण्डलीय अस्पताल
एफजी	अंतिम अनुदान
एफ एंड सीएओ	वित्तीय सलाहकार और मुख्य लेखा अधिकारी
एफडब्ल्यू	परिवार कल्याण
जीडी	गौंडा जंक्शन
जीडीएमओ	जनरल ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी
जीटीएल	गुंटकल
जीओसी	गोल्डन रॉक
एचयू	स्वास्थ्य इकाई
एचवीएस	आनरीटी विजिटिंग विशेषज्ञ
एचएमआईएस	अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली
एच एवं एफडब्ल्यू	स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
एचओडी	विभागाध्यक्ष
आईआरएमएम	भारतीय रेलवे चिकित्सा मैनुअल
आईसीयू	गहन केयर यूनिट
आई/सी	प्रभारी
आईसीएफ	इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, पैराम्बूर

आईआरएमएस	भारतीय रेलवे चिकित्सा सेवा
जेयूडीडब्ल्यू	जगधारी वर्कशॉप
जेआरएच	जगजीवन राम क्षेत्रीय अस्पताल मुंबई, सेन्ट्रल
केयूआर	खुर्दा रोड़
केज़ेडजे	काज़ीपेट
केएलएक्स	कपूरथला
एलएलआरएच	लाला लाजपत राय अस्पताल, कपूरथला
एलजीडी	लल्लागुडा, सिकंदराबाद
एलडी	निर्णीत हर्जाना
एल 1	न्यूनतम निविदाकार
एलपी	स्थानीय खरीद
एलकेओ	लखनऊ
एमआर	मैट्रो रेल
एमडी	चिकित्सा निदेशक
एम एंड पी	मशीन और संयंत्र
एमबीबीएस	चिकित्सा स्नातक, शल्य चिकित्सा स्नातक
एमबीएनआर	महबूबनगर
एमबी	मुरादाबाद
एमडी	आयुर्विज्ञान चिकित्सक
एमओयू	सहमति ज्ञापन
एमएलजी	मालीगाँव
एमआरआई	चुबंकीय अनुकंपन इमेजिंग
एमवाईएस	मैसूर
एनआर	उत्तर रेलवे
एनसीआर	उत्तर मध्य रेलवे
एनडीएलएस	नई दिल्ली
एनईआर	पूर्वोत्तर रेलवे
एनएफआर	पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे
एनडब्ल्यूआर	उत्तर पश्चिम रेलवे
एनएसीओ	राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संस्थान
एनएचपी	राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम

एनईडी	नानदेद
ओएलडब्ल्यूआर	ओपन लाइन कार्य राजस्व
पीयू	उत्पादन इकाई
पीसी	पॉली क्लिनिक
पीओ	क्रय आदेश
पीपीपी	सार्वजनिक निजी भागीदारी
पीएचयू	प्राथमिक स्वास्थ्य इकाई
पीजीटी	पालघाट
पीटीए	पटियाला
पीएफए	खाद्य अपमिश्रण निवारक अधिनियम 1954
पीईआर	पैरम्बूर
आरसीएफ	रेल कोच कारखाना, कपूरथला
आरडीएम	रामगुनदम
आरईएलएचएस	रेल कर्मचारी उदारीकृत स्वास्थ्य सेवायें
आरडब्ल्यूएफ	रेल पहिया कारखाना, येलहंका
आरआईटीईएस	भारतीय रेल तकनीकी और आर्थिक सेवा
आरपीएफ	रेलवे सुरक्षा बल
आरपीयू	रेलवे उत्पादन इकाईयां
आरवाईपीएस	रायनपाडु
एसआर	दक्षिण रेलवे
एससीआर	दक्षिण मध्य रेलवे
एसईआर	दक्षिण पूर्व रेलवे
एसईसीआर	दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
एसओ	अनुभाग अधिकारी
एसडब्ल्यूआर	दक्षिण पश्चिम रेलवे
एसडीएच	उप मण्डलीय अस्पताल
सीनियर डीएमओ	वरिष्ठ मण्डलीय चिकित्सा अधिकारी
एसपीसीबी	राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
एसजी	सलेक्शन ग्रेड
एसबीसी	बैंगलौर सिटी
टीबीएआई	भारतीय तपेदिक संघ

टी एंड ए	तकनीकी और प्रशासनिक
यूपीएससी	संघ लोक सेवा आयोग
यूबीएल	हुबली
वीएसकेपी	विशाखापट्नम
वीज़ेडएम	विजयानगरम जंक्शन
डब्ल्यूआर	पश्चिम रेलवे
डब्ल्यूसीआर	पश्चिम मध्य रेलवे
डब्ल्यूएसएच	कार्यशाला अस्पताल

कार्यकारी सार

1. भारतीय रेल में अस्पताल प्रबंधन

भारतीय रेल 17 क्षेत्रीय रेलों (ज़ेडआरज) और पांच उत्पादन इकाईयों में फैले 129 अस्पतालों और 588 स्वास्थ्य इकाईयों के माध्यम से 64 लाख रेलवे लाभार्थियों को चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवायें प्रदान कराती है। महानिदेशक/रेलवे स्वास्थ्य सेवा रेलवे स्वास्थ्य संबंधि सेवा का प्रमुख है जिसमें रेल में या रेलवे स्टेशन पर घायल या बहुत बीमार यात्री को तुरंत राहत प्रदान करने के अलावा स्वच्छता, सफाई का रखरखाव और स्वच्छ पेय जल का प्रावधान शामिल है।

यह रिपोर्ट बजटीय नियंत्रण, उपलब्ध श्रमशक्ति का प्रभावी उपयोग और अस्पताल प्रशासन में प्रभावकारिता के आकलन में अस्पताल के निष्पादन पर ध्यान केंद्रित करती है। 17 केन्द्रीय चिकित्सालयों, एक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, पांच उत्पादन इकाई अस्पतालों, 41 मण्डलीय/उप-मण्डलीय अस्पतालों और पांच कार्यशाला अस्पतालों के प्रतिदर्श का समीक्षा के लिये चयन किया गया। इसके अतिरिक्त, विस्तृत जांच के लिये 89 प्राथमिक स्वास्थ्य इकाईयां/औषधालयों का चयन किया गया।

लेखापरीक्षा ने देखा कि प्रभावी बजटीय नियंत्रण में कमी थी। अंतिम अनुदान और वास्तविक व्यय के बीच अंतर के अलावा, अनुचित योजना के कारण निष्क्रिय निवेश हुआ था। चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी ने मरीजों की चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाओं को आंशिक रूप से प्रभावित किया है। कुशल पेशेवरों की अनुपलब्धता के कारण चिकित्सा उपकरण निष्क्रिय पड़े रहे जिसके कारण गैर रेल अस्पतालों को परिहार्य रिफरेंस हुआ।

आवश्यकता के गलत आकलन के कारण दवाईयां अधिक और उनके उपयोग होने की अवधि कम हुई। दवाईयों के भंडारण और संरक्षण के लिये क्षेत्रीय रेलों में कई अस्पतालों में पर्याप्त बुनियादी ढांचा उपलब्ध नहीं था। मरम्मत और रखरखाव में काफी व्यय होने के बावजूद, लेखापरीक्षा ने चिकित्सा उपकरणों के काम न करने के बहुत से उदाहरण देखे। अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली चिकित्सा इतिहास फोल्डर के आवधिक अद्यतन, रखरखाव और वास्तविक लाभार्थी डाटा सहित क्षेत्रीय रेलों में समरूप चिकित्सा पहचान-पत्रों के संबंध में दस्तावेजीकरण का ध्यान रखने के लिये 1992-93 में बनाई गई थी उपरोक्त पहलुओं को जुलाई 2014 तक लागू नहीं किया जा सका। मुख्य लेखापरीक्षा निष्कर्षों का नीचे उल्लेख किया गया है:

2. मुख्य लेखापरीक्षा निष्कर्ष

I. रेलवे बोर्ड के स्वास्थ्य निदेशालय का राजस्व व्यय आईआर के सामान्य कार्यचालन व्यय का केवल 2.68 प्रतिशत था।

(पैरा 2.2)

II. 2008-13 के दौरान पूँजीगत व्यय कुल चिकित्सा व्यय का केवल चार प्रतिशत था। माझेरहाट/पू.रे. में नर्सिंग कॉलेज और हॉस्टल बनाने में अनुचित योजना के कारण ₹ 17.64 करोड़ का निष्क्रिय निवेश हुआ था। ***(पैरा 2.3)***

III. डॉक्टरों और परामेडिकल स्टाफ की कमी के कारण चिकित्सा उपकरण निष्क्रिय हुये और बाहर से बुलाये गये चिकित्सकों/विशेषज्ञों पर निर्भरता बढ़ी, उनको कोई दायित्व दिये बिना बाहर से चिकित्सकों/विशेषज्ञों को बुलाने में ₹ 80.23 करोड़ के व्यय के बावजूद 2008-13 के दौरान गैर-रेलवे अस्पतालों से उपचार के लिये ₹ 1146 करोड़ का व्यय परिहार्य नहीं हो सका। ***(पैरा 3.1.1 – 3.1.4)***

IV. *सात क्षेत्रीय रेलों में दवाइयों की आपूर्ति के लिये विक्रेताओं के पंजीकरण में कमियां देखी गई। केन्द्रीय खरीद संविदा को अंतिम रूप देने में विलंब, क्रय आदेश जारी करने में विलंब और फर्मों द्वारा विलंब से आपूर्ति करने के कारण लंबित हुई जिससे दवाईयों की स्थानीय खरीद में काफी वृद्धि (66 प्रतिशत) हुई। दवाईयों की स्थानीय खरीद क्षेत्रीय रेल को कुल बजट आबंटन के 15 प्रतिशत की अनुमेय सीमा से बढ़ी। आईआर में, स्वाधिकृत वस्तु प्रमाण-पत्र (पीएसी) मदों की समान सूची नहीं थी। एकल संविदा आधार पर उच्च दरों पर पीएसी श्रेणी के अंतर्गत खरीदी गई दवाईयों के कारण ₹ 30 लाख की हानि हुई।*

(पैरा 4.1.1, 4.1.2 और 4.1.3)

V. *क्षेत्रीय रेलों में कई अस्पतालों में उचित भंडारण सुविधा की कमी थी। मध्य रेल में, खराब वातानुकूलक और ज्वलनशील एक्स-रे फिल्मों के अनुचित भण्डारण के कारण एसी ड्रग भंडार कक्ष में आग के कारण ₹ 0.75 करोड़ मूल्य की दवाईयां नष्ट हो गई। भारतीय रेल चिकित्सा मैनुअल में विभागीय स्टॉक सत्यापन के लिये कोई अवधि निर्धारित नहीं थी। परिणामस्वरूप, स्टॉक सत्यापन आठ क्षेत्रीय रेलों और चार उत्पादन इकाई अस्पतालों में नहीं किया गया था।* ***(पैरा 4.2 और 4.3)***

VI. *मौजूदा मालसूची प्रबंधन प्रणाली अधिशेष दवाईयों की अधिकता को कम करने के लिये पर्याप्त नहीं थी। पांच क्षेत्रीय रेलों में ₹ 24.18 लाख मूल्य की दवाईयों की उपयोग की अवधि समाप्त हो गई और उपयोग न की जा सकी। दो क्षेत्रीय रेलों में ₹ 7.57 लाख मूल्य की दवाईयां भी अधिशेष घोषित की गई।* ***(पैरा 4.1.2 एवं 4.4)***

VII. *आठ क्षेत्रीय रेलों जहां अवमानक दवाईयों की आपूर्ति की गई, में से चार क्षेत्रीय रेलों में जांच के परिणाम की प्राप्ति से पूर्व दवाईयों का उपयोग कर लिया गया था।* **(पैरा 4.5)**

VIII. *₹ 40.69 करोड़ मूल्य के चिकित्सा उपकरणों की खरीद में बिलंब हुआ। नौ क्षेत्रीय रेलों में और दो उत्पादन इकाई अस्पतालों में ₹ 20.73 करोड़ की लागत पर 56 चिकित्सा उपकरण खरीदे गये जो या तो कार्यचालन लायक नहीं थे या विलम्ब से चालू किए गए थे। प रे में अस्पताल द्वारा ₹ 62 लाख की लागत पर खरीदा गया एक चिकित्सा उपकरण अपनी 60 माह की कोडल लाइफ में से 28 माह तक उपयोग नहीं किया गया।* **(पैरा 4.6)**

IX. *रेलवे बोर्ड में स्वास्थ्य निदेशालय ₹ 66 लाख व्यय करने के बाद भी पिछले दो दशकों में अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली बनाने में विफल रहा। इसके परिणामस्वरूप लाभार्थी डाटा, चिकित्सा पहचान-पत्र और चिकित्सा इतिहास फोल्डरों के रखरखाव के संबंध में खराब दस्तावेजीकरण हुआ।* **(पैरा 5.1 और 5.2)**

X. *रेलवे अस्पतालों में पर्याप्त चिकित्सा सुविधा में कमी के परिणामस्वरूप 2008-13 के दौरान गैर-रेलवे अस्पतालों में 2.96 लाख मरीजों के उपचार के लिये ₹ 1145.98 करोड़ का निर्दिष्ट व्यय हुआ।* **(पैरा 5.3)**

XI. *2008-10 के दौरान पांच क्षेत्रीय रेलो में 27 चयनित अस्पतालों/स्वास्थ्य इकाईयों द्वारा जैव चिकित्सा अपशिष्ट के प्रबंधन और निपटान के लिये प्राधिकार प्राप्त नहीं किया गया था। जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निपटान अनुचित रूप से या तो गहरा दबाकर या खुली हवा में जलाकर किया गया।* **(पैरा 5.7)**

XII. *सात क्षेत्रीय रेलों और चार उत्पादन इकाई अस्पतालों में टेलीमेडिसिन सुविधा उपलब्ध नहीं थी। चार क्षेत्रीय रेलों (पू.सी.रे., द.प.म.रे., द.रे. और प.रे.) में प्रदत्त टेलीमेडिसिन सुविधा या तो कार्यचालन लायक नहीं थी या अप्रयुक्त पड़ी थी।* ***(पैरा 5.9.4)***

3. सिफारिशें

I. ***रेलवे बोर्ड के स्वास्थ्य निदेशालय एवं क्षेत्रीय रेलों (जेआर) के मुख्य चिकित्सा निदेशकों (सीएमडीज़) को लाभार्थियों/रोगियों की संख्या को ध्यान में रखकर बजट बनाने की प्रक्रिया तथा अस्पतालों की बुनियादी आवश्यकताओं को और सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता है। बेहतर चिकित्सा सुविधायें देने हेतु पूँजीगत व्यय, विशेषत: मेडिकल उपकरणों के संबंध में निधि के आवंटन की प्रक्रिया की समीक्षा करनी चाहिए ताकि गैर-रेलवे अस्पतालों में रिफरेंस को कम किया जा सके;***

II. ***रेलवे बोर्ड के स्वास्थ्य निदेशालय को विशेषज्ञों को हायर करने, ठेके पर चिकित्सकों को रखने पर निर्भरता के बजाए डाक्टरों/पैरामेडिकल संवर्ग में मौजूदा रिक्तियों को भरने की प्राथमिकता देनी चाहिए। उपलब्ध संसाधनों को क्षेत्रीय रेलों के सीएमडीज़ द्वारा अस्पतालों में उपचार किए जा रहे रोगियों की संख्या एवं बेड क्षमता के आधार पर समानुपातिक तैनाती की जानी चाहिए। रेलवे बोर्ड को नियमित आधार पर विशेषज्ञ की भर्ती के लिए प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है;***

III. ***रेलवे बोर्ड के स्वास्थ्य निदेशालय को केंद्रीकृत खरीद की प्रक्रिया को सुदृढ़ करना चाहिए एवं उच्च दरों पर दवाओं की स्थानीय खरीद पर निर्भरता कम करने के लिए दवाओं की एक एकरूप पीएसी सूची अपनानी चाहिए;***

IV. रेलवे बोर्ड के स्वास्थ्य निदेशालय को एवं क्षेत्रीय रेलों के सीएमडीज़ को सब स्टैंडर्ड दवाओं की आपूर्ति की प्रवृत्ति को रोकने हेतु निर्धारित समय-सीमा के भीतर दवा विश्लेषण सुनिश्चित करना चाहिए;

V. रेलवे बोर्ड के स्वास्थ्य निदेशालय को अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली के कार्यान्वयन में प्रगति करने की आवश्यकता है ताकि व्यक्तिवार लाभार्थियों का फोटोग्राफ के साथ चिकित्सा पहचान-पत्र बनाया जा सके तथा इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल हिस्ट्री फोल्डर बनाया जा सके;

VI. रेलवे बोर्ड के स्वास्थ्य निदेशालय एवं क्षेत्रीय रेलों के सीएमडीज़ को अंतरंग रोगियों से वसूलीयोग्य आहार प्रभारों का आवधिक संशोधन सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। पैकेज दरों पर उपचार हेतु गैर-रेलवे अस्पतालों के साथ समझौता ज्ञापन में आहार प्रभारों से संबंधित विशेष प्रावधान शामिल किए जा सकते हैं; और

VII. रेलवे बोर्ड के स्वास्थ्य निदेशालय एवं क्षेत्रीय रेलों के सीएमडीज़ क्षेत्रीय रेलों के सभी अस्पतालों में समुचित बायोमेडिकल अपशिष्ट निराकरण सुविधायें प्रदान करें।

अध्याय 1 ⟹ प्रस्तावना

भारतीय रेल (आईआर) 129 अस्पतालों[1] और 588 स्वास्थ्य इकाईयों के माध्यम से करीब 64 लाख रेलवे लाभार्थियों को चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करती है जिसमें सेवारत, सेवानिवृत्त कर्मचारी और उन पर आश्रित सदस्य शामिल हैं। 2008-13 के दौरान, आईआर ने 11.67 करोड़ मरीजों को उपचार प्रदान किया। उसने मिशन कथन ***"आधुनिक और लागत प्रभावी तकनीकों और प्रौद्योगिकी के प्रयोग से उत्कर्ष स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिये प्रत्येक डॉक्टर और परामेडिकल के मानवीय दृष्टिकोण और साझी प्रतिबद्धताओं के माध्यम से पूर्ण रोगी संतुष्टि"*** अपनाया।

चिकित्सा और स्वास्थ्य सुविधायें तीन चरणों में प्रदान की जाती है - प्राथमिक[2], द्वितीयक[3] और तृतीयक[4]। जबकि स्वास्थ्य इकाईयां (एचयूज) प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा पूरी करती है। उप-मण्डलीय/मण्डलीय, कार्यशाला अस्पताल और केन्द्रीय अस्पताल(सीएच) द्वितीयक स्वास्थ्य सेवा पूर्ण करते हैं। एचयू 100 कि.मी. से अधिक विस्तारित लाभार्थी क्षेत्राधिकार में सभी मण्डलों में महत्वपूर्ण स्टेशनों पर स्थित हैं। कुछ केन्द्रीय अस्पताल जैसे सीएच/पैरमबूर (द रे), सीएच/बाइकुला (म रे), सीएच/ मुंबई सेन्ट्रल (प.रे.) आदि में विशेष सुविधायें हैं जिसमें तृतीयक सेवा भी प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त, रेलवे लाभार्थियों को उच्च द्वितीयक और तृतीयक सेवा के लिये सूचीबद्ध गैर-रेलवे अस्पतालों में भी भेजा जाता है।

आईआर की चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में जिम्मेदारियों में रेलों में या रेलवे स्टेशनों पर घायल या बहुत बीमार यात्री को शीघ्र राहत प्रदान करने के अलावा

---

[1] 17 केन्द्रीय अस्पताल, एक सुपर स्पेशियलिटि अस्पताल, 55 मण्डलीय अस्पताल, 42 उप मण्डलीय अस्पताल, 9 कार्यशाला अस्पताल, 5 उत्पादन इकाई अस्पताल।

[2] प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा का अर्थ है मरीजों को शीघ्र देखभाल प्रदान करने के लिये आवश्यक स्वास्थ्य सेवा सुविधायें।

[3] द्वितीयक स्वास्थ्य सेवा का अर्थ है चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा प्रदत्त सेवा जिसमें कम समय के लिये लेकिन गंभीर बीमारी, चोट या अन्य स्वास्थ्य परिस्थिति में कम अवधि के लिये शीघ्र आवश्यक उपचार शामिल हैं।

[4] तृतीयक सेवा का अर्थ है तीसरे चरण की स्वास्थ्य प्रणाली जिसमें साधारण या प्राथमिक और द्वितीयक चिकित्सा सेवा से निर्दिष्ट करने पर विशेष परामर्शक सेवा प्रदान की जाती है।

स्वच्छता, सफाई, सफाई व्यवस्था, शुद्ध पेय जल और भोजन, अस्पताल अपशिष्ट का वैज्ञानिक रूप से निपटान आदि शामिल है।

1.1 संगठन व्यवस्था

रेलवे बोर्ड स्तर पर, महानिदेशक (रेलवे स्वास्थ्य सेवा) रेलवे बोर्ड के सदस्य (स्टाफ) के तहत रेलवे स्वास्थ्य सेवा का प्रमुख है। क्षेत्रीय रेलों (ज़ेडआरज़) में, मुख्य चिकित्सा निदेशक (सीएमडी) सभी मण्डलीय/उप-मण्डलीय अस्पताल और कार्यालयों से जुड़े अस्पतालों सहित एचयूज़ का प्रमुख होता है। यद्यपि, चिकित्सा उपकरणों की खरीद से संबंधित सभी प्रस्ताव क्षेत्रीय रेलों के मुख्य यांत्रिक अभियंता (सीएमई) के माध्यम से कराई जाती है। आईआर में चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवा की संगठन व्यवस्था ***परिशिष्ट– I*** में दर्शायी गई है।

1.2 लेखापरीक्षा उद्देश्य

यह देखने के लिये समीक्षा की गई कि:

I. क्या प्रभावी बजटीय नियंत्रण निधि के उपयोग और उचित आबंटन सुनिश्चित करने के लिये सही थे;

II. क्या श्रमबल का मूल्यांकन और नियुक्ति वास्तविक था और यह देखने के लिये भी कि क्या उपलब्ध श्रमबल प्रभावी रूप से उपयोग किया जा रहा था;

III. क्या दवाईयों की खरीद, उसके भण्डारण, चिकित्सा उपकरणों और भौतिक सत्यापन में किफायत और प्रभावकारिता सुनिश्चित करने के लिये सही तंत्र है; और

IV. क्या मरीज देखभाल पर डेटा का रखरखाव, उपचार सुविधा और अपशिष्ट प्रबंधन सहित अस्पताल प्रशासन प्रभावी था।

समीक्षा में 2008-13 की अवधि के दौरान रेलवे लाभार्थियों को प्रदान किए गए चिकित्सा और स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दे शामिल हैं।

1.3 लेखापरीक्षा मानदंड के स्रोत

भारतीय रेलवे के चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवा के निष्पादन के मूल्यांकन के लिये मानदंड समय-समय पर संशोधित भारतीय रेलवे के मौजूदा कोड्स और मैनुअलस[5] में उपलब्ध प्रावधान से लिये गये थे। भारत सरकार द्वारा जारी विभिन्न अधिनियमों[6], नियमों, विनियमों में प्रस्तुत प्रावधानों और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी अधिसूचनाओं सहित रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) द्वारा जारी निर्देशों और बनाई गई नीतियों को भी ध्यान में रखा गया था।

1.4 कार्यक्षेत्र और लेखापरीक्षा पद्धति

लेखापरीक्षा ने रेलवे लाभार्थियों को चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करने के लिये 2008-13 के दौरान अस्पतालों और स्वास्थ्य इकाईयों द्वारा उठाये गये कदमों और निष्पादन की जाँच की। लेखापरीक्षा ने अस्पताल प्रशासन में प्रभावकारिता के अतिरिक्त दवाइयों/उपकरणों की खरीद, आवश्यक श्रमबल की उपलब्धता और उनके मूल उपयोग की भी जाँच की।

निष्पादन लेखापरीक्षा महानिदेशक (रेलवे स्वास्थ्य सेवा) और आरबी के सलाहकार (वित्त) और क्षेत्रीय मुख्यालय में मुख्य चिकित्सा निदेशकों और वित्तीय सलाहकार और मुख्य लेखा अधिकारियों के साथ एंट्री कांफ्रेस (जुलाई 2013) के साथ प्रारंभ हुई जिसमें लेखापरीक्षा उद्देश्य, अध्ययन का क्षेत्र और पद्धति पर चर्चा की गई। मसौदा समीक्षा रिपोर्ट मई 2014 में रेलवे बोर्ड को जारी की गई थी। लेखापरीक्षा निष्कर्षों की रेलवे बोर्ड में महानिदेशक (रेलवे स्वास्थ्य सेवा) और सलाहकार (वित्त) के साथ जुलाई 2014 में आयोजित एक्जिट कांफ्रेंस में चर्चा की गई थी। समान एग्जिट कांफ्रेंस क्षेत्रीय स्तरों पर भी मुख्य चिकित्सा निदेशकों और वित्तीय सलाहकार और मुख्य लेखा अधिकारियों के साथ प्रधान निदेशक लेखापरीक्षा द्वारा आयोजित की गई थी। लेखापरीक्षा निष्कर्षों पर रेलवे बोर्ड का मत रिपोर्ट में उचित रूप से शामिल किया गया है।

---

[5] *भारतीय रेल चिकित्सा मैनुअल खण्ड* – I *और* II

[6] *वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम 1981, जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम 1974, पीएफए 1954/खाद्य मानक और सुरक्षा अधिनियम, जैव चिकित्सा अपशिष्ट (प्रबंधन और निपटान) नियमावली 1998, ड्रग एवं कॉस्मेटिक अधिनियम 1945 और अपशिष्ट प्रबंधन और जैव चिकित्सा अपशिष्ट पर समय-समय पर राज्य के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और नगर निगम द्वारा जारी निर्देश।*

सभी 17 क्षेत्रीय रेलों और उत्पादन इकाईयों के अभिलेखों की जाँच के साथ-साथ नीति बनाने में शामिल रेलवे बोर्ड के स्वास्थ्य निदेशालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों और निर्देशों एवं उनके कार्यान्वयन के लिये क्षेत्रों को जारी निर्देशों से संबंधित अभिलेखो की भी जाँच की गई।

सभी केन्द्रीय अस्पताल (17), वाराणसी में एक सुपर स्पेशियलिटि और उत्पादन इकाईयों से जुडे पांच अस्पतालों का विस्तृत अध्ययन के लिये चयन (100 प्रतिशत) किया गया था। इसके अतिरिक्त, 55 मण्डलीय अस्पतालों में से 22, 42 उप मण्डलीय अस्पतालों में से 19 और 9 कार्यशाला अस्पतालों में से 5 के प्रतिदर्श का चयन किया गया था। 588 प्राथमिक स्वास्थ्य इकाईयों में से 89 का भी विस्तृत जाँच के लिये चयन किया गया था। प्रतिदर्श चयन दर्शाता विवरण और चयनित अस्पतालों और स्वास्थ्य इकाईयों की सूची ***परिशिष्ट-II*** में दर्शाई गई है।

लेखापरीक्षा द्वारा चिकित्सा विभाग के अधिकारियों के साथ स्वच्छता, चिकित्सा उपकरणों के रखरखाव, दवाईयों के लिये भण्डारण सुविधा, जैव-चिकित्सा अपशिष्ट के निपटान आदि के संबंध में चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाओं के निष्पादन के मूल्यांकन के लिये अस्पतालों का संयुक्त निरीक्षण किया गया।

1.5 अभिस्वीकृति

यह समीक्षा करने के लिये क्षेत्रीय रेलों, उत्पादन इकाईयों और रेलवे बोर्ड द्वारा भी दिये गये सहयोग के लिये आभार व्यक्त किया जाता है।

अध्याय 2 ⟹ वित्तीय प्रबंधन

लेखापरीक्षा उद्देश्य 1

यह देखने के लिये कि क्या प्रभावी बजटीय नियंत्रण निधियों के उपयुक्त आबंटन और उपयोग सुनिश्चित करने के लिये सही था।

वित्तीय दूरदर्शिता, बजटीय प्रथाओं के सही सिद्धांत, और व्यय पर नियंत्रण दुर्लभ बजटीय संसाधनों के प्रभावी और सक्षम उपयोग के लिये आवश्यक है। भारतीय रेल अपने लाभार्थियों को चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करने के लिये दोनों राजस्व और पूंजीगत व्यय करती है। राजस्व व्यय में चिकित्सा सेवाओं के साथ-साथ अस्पतालों और औषधालयों के वेतन और भत्ते, दवाइयों की कीमत, चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति, लोक स्वास्थ्य, उपकरणों का रखरखाव, रेलवे कालोनियों में स्वच्छता और अन्य कल्याण सेवायें[7] शामिल हैं। पूँजीगत व्यय उपकरणों की खरीद और बुनियादि ढांचों के विकास के लिये होता है। 2008-13 के दौरान चिकित्सा विभाग ने ₹ 9932.22 करोड़ का व्यय किया जिसमें राजस्व व्यय (96 प्रतिशत) के प्रति ₹ 9510.70 करोड़ और पूँजीगत व्यय (चार प्रतिशत) के प्रति ₹ 421.52 करोड़ शामिल है। 2008-13 के दौरान चिकित्सा विभाग का राजस्व व्यय भारतीय रेल के कुल सामान्य कार्यचालन व्यय का 2.68 प्रतिशत था।

यह अध्याय भारतीय रेल के चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाओं के लिये बजटीय नियंत्रण, निधियों के उपयोग और व्यय की प्रवृत्ति को उजागर करता है।

2.1 व्यय की प्रवृति

2008-13 के दौरान भारतीय रेल (आईआर) द्वारा ₹ 9932.22 करोड़ के व्यय के विभिन्न घटक नीचे पाई डाइग्राम में दर्शाये गये है:

[7] *अन्य कल्याण सेवाओं ने निवारक स्वास्थ्य उपाय और कीट नियंत्रण शामिल है।*

चित्र 1: 2008-13 के दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के लिये व्यय के अंश (₹ करोड़ में)



$ मान्यता प्राप्त गैर-रेलवे अस्पतालों में उपचार के लिये रेलवे लाभार्थियों को प्रतिपूर्ति।
@ सफाई कर्मचारियों और भण्डारण पर व्यय, सफाई ठेकेदारों को भुगतान
# मलेरिया फाइलेरिया और भण्डारण पर व्यय, खाद्य और जल प्रतिदर्शों के परीक्षण की कीमत, आहार प्रभार आदि।

2.2 बजटिंग राजस्व व्यय

क्षेत्रीय स्तर पर संबंधित चिकित्सा शाखा कार्यालय के राजस्व व्यय के लिये बजट अनुमान संबंधित महाप्रबंधक (जीएम) के विधिवत अनुमोदन के पश्चात रेलवे बोर्ड को भेजा जाता है। व्यय का अनुमान 'अनुदान की मांग' के रूप में संसद को प्रस्तुत होता है। संसद द्वारा विनियोग विधेयक पारित होने के बाद, सभी क्षेत्रीय रेलों (जेड़आरज़) को बजटीय आबंटन किया जाता है। इसके अतिरिक्त व्यय करने वाली इकाईयों को निधियों का आबंटन एफए एंड सीएओ (बजट) द्वारा किया जाता है। उत्पादन इकाईयों के अस्पतालों के संबंध में उनके कर्मचारियों को प्रदान की गई चिकित्सा सेवाओं के संबंध में कुल व्यय कार्यशाला निर्माण उचंत खाते के अंतर्गत पूँजीगत शीर्ष में बुक किया

जाता है। इस उचंत शीर्ष के अंतर्गत शेष रेलवे बोर्ड की सलाह पर क्षेत्रीय रेल को डेबिट करके समाशोधन किया जाता है।

2008-13 के दौरान ऋणात्मक 3.08 प्रतिशत और 1.79 प्रतिशत के बीच के सभी क्षेत्रों के संबंध में वास्तविक व्यय (एइ) और पूर्ण अनुदान (एफजी) के बीच अंतर[8] चयनित अस्पतालों के अभिलेखों की संवीक्षा से निम्नलिखित का पता चला:

I. पांच प्रतिशत के अंतर की अनुमत सीमा के प्रति, सात क्षेत्रों[9] में बीजी/एफजी और एई के बीच 17 प्रतिशत से लेकर और 48 प्रतिशत तक अंतर था।

II. पांच उत्पादन इकाईयों में अस्पतालों के संबंध में, पूर्ण अनुदान की तुलना में वास्तविक व्यय 2010-11 को छोड़कर जहां वास्तविक व्यय बीजी/एफजी से अधिक था। 2008-13 के दौरान 12 प्रतिशत से लेकर और 53 प्रतिशत तक था। जैसा ***परिशिष्ट III*** में दर्शाया गया है।

III. सात केन्द्रीय अस्पतालों[10] में जबकि 2008-13 के दौरान आबंटन में वृद्धि हुई, उसी अवधि के दौरान मरीजों की संख्या में कमी आई। यह दर्शाता है कि मरीजों की संख्या में वृद्धि/कमी और अस्पतालों के लिये निधियों के आबंटन के बीच कोई सन्तुलित सहसंबंध नहीं है जैसा ***परिशिष्टि – IV*** में दर्शाया गया है।

रेलवे बोर्ड ने बताया (जुलाई 2014) कि बजटीय अनुदान की मांग अतीत के अनुभवों के आधार पर की गई थी और व्यय की बढ़ती प्रवृत्ति बढ़ते हुये वेतन और मुद्रास्फीति के कारण है। रेलवे बोर्ड का तर्क मान्य नहीं है क्योंकि कुछ क्षेत्रों में कुछ वर्षों में वास्तविक व्यय पूर्ण तर्क अनुदान से भी कम था। इसके अलावा, वेतन बढ़ोतरी और मुद्रास्फीति कुछ सामान्य कारक हैं जो निधियों की आवश्यकता के आकलन के लिये ध्यान में रखे जाते हैं।

---

[8] *ऋणात्मक अंतर दर्शाता है बीजी या एफजी पर कम व्यय और धनात्मक अंतर दर्शाता है बीजी या एफजी से अधिक व्यय।*

[9] *म.रे. (28.53 प्रतिशत – 2009-10), पू.रे. (47.89 प्रतिशत – 2008-09), उ.पू.रे. (22.82 प्रतिशत – 2008-09), उ.रे. (18.24 प्रतिशत – 2008-09, 18.62 प्रतिशत – 2010-11), द.रे. (20.23 प्रतिशत- 2008-09), द.प.रे (25.52 प्रतिशत – 2008-09), प.म.रे. (17.21 प्रतिशत – 2008-09, 23.56 प्रतिशत – 2009-10)*

[10] *सीएच/पू.त.रे. (2009-10, 2012-13), सीएच/पू.रे. (2009-12), सीएच/उ.म.रे. (2009-12), सीएच/उ.रे. (2011-13)*

2.3 बजटिंग पूँजीगत व्यय

क्षेत्रीय स्तर पर पूँजीगत स्वरूप के उपस्कर की खरीद के लिए प्रस्तावों को मशीनरी एवं संयंत्र (एमएण्डपी) कार्यक्रम में शामिल करने के लिए एफए एण्ड सीएओ की वित्तीय सहमति प्राप्त करने के बाद मुख्य मैकेनिकल इंजीनियर (सीएमई) को भेजा जाता है। ₹ 10 लाख तक की लागत वाले एमएण्डपी मदों को क्षेत्रीय स्तर पर मंजूर किया जाता है और ₹ 10 लाख से ऊपर की लागत वाली मदों को मंजूरी के लिए रेलवे बोर्ड को भेजा जाता है। सभी चिकित्सा संबंधी उपस्करों की खरीद मुख्य स्टोर नियंत्रक (सीओएस) के माध्यम से की जाती है। इसी प्रकार, स्वास्थ्य इकाईयों/अस्पतालों के निर्माण जैसे अवसंरचना विकास से संबंधित कार्यों की आवश्यकता को वार्षिक निर्माण कार्य कार्यक्रम के माध्यम से संसाधित किया जा रहा है।

2008-13 के दौरान भारतीय रेल की अस्पतालों और स्वास्थ्य इकाईयों ने ₹ 421.52 करोड़ (चार प्रतिशत) का पूँजीगत व्यय किया। 2008-13 के दौरान बीजी एवं एफजी की तुलना में भारतीय रेल के चिकित्सा विभाग द्वारा किए गए वास्तविक पूँजीगत व्यय को नीचे तालिका में दर्शाया गया है:

तालिका 1: 2008-13 के दौरान बजट अनुदान और अन्तिम अनुदान की तुलना में पूँजीगत व्यय (₹ करोड़ में)

वर्ष	बीजी	एफजी	एई	बीजी एवं एई के बीच अन्तर (प्रतिशत में)	एफजी एवं एई के बीच अन्तर (प्रतिशत में)
2008-09	77.08	63.91	65.56	-14.95	2.58
2009-10	87.25	66.28	78.44	-10.10	18.35
2010-11	137.21	113.57	105.76	-22.92	-6.88
2011-12	90.36	83.92	77.96	-13.72	-7.10
2012-13	154.29	109.64	93.80	-39.21	-14.45

चयनित अस्पतालों के अभिलेखों की संवीक्षा से पता चला कि किया गया वास्तविक व्यय 2012-13 के दौरान 39.21 प्रतिशत की उच्चतम कम उपयोगिता के साथ 2008-13 के दौरान सभी वर्षों में बीजी से कम था। देखी गई अनुचित वित्तीय पद्धतियों के कुछ विशेष मामलों का उल्लेख नीचे किया गया है:

I. दो क्षेत्रीय रेलों (उ प रे और द प रे) में ₹ 12.91 करोड़[11] की राशि की निधि का कम उपयोग किया गया था;

II. जेआर अस्पताल,[12] पश्चिम रेलवे द्वारा 2010-11 के दौरान ₹ 3.17 करोड़ का अधिक/असंस्वीकृत व्यय किया गया। वास्तविक व्यय ₹ 0.83 करोड़ के अंतिम अनुदान के प्रति ₹ 4 करोड़ था; और

III. माजहेरहट/पू रे में नर्सिंग कॉलेज और छात्रावास के निर्माण के लिए 2010 में ₹ 19.92 करोड़ की राशि मंजूर की गई थी। नर्सिंग कालेज की योजना सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर रेलवे भूमि पर बनाई गई थी जिससे कि अच्छा व्यावसायिक स्थान पाने में रेलवे कर्मचारियों के बच्चों को सुविधा मिल सके। प्रचालन और रखरखाव के लिए निजी भागीदारों से माँगी गई रूचि की अभिव्यक्ति (अगस्त 2013) के प्रति कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई थी। रेलवे बोर्ड ने 2014 में ₹ 27.83 करोड़ के संशोधित समेकित अनुमान को मंजूरी दे दी थी। इसी बीच ₹ 17.64 करोड़ का व्यय (फरवरी 2014) नर्सिंग कॉलेज के निर्माण पर किया गया और समस्त निवेश रेल प्रशासन की निवेश से पहले निजी भागीदारों की पहचान करने और रूपात्मकता को अंतिम रूप देने में विफलता के कारण अनुत्पादक हो गया।

महानिदेशक (रेलवे स्वास्थ्य सेवा) ने बताया (जुलाई 2014) कि नए अस्पतालों के निर्माण और विद्यमान संरचनाओं के विस्तारण जैसे पूँजीगत व्यय चिकित्सा विभाग के नियंत्रणाधीन नहीं थे। आगे यह बताया गया कि माजेरहाट/पू रे में नर्सिंग कॉलेज और छात्रावास का वैकल्पिक उपयोग विचाराधीन था।

---

[11] 2008-13 *के दौरान उ प रे में ₹ 10.29 करोड़ और 2012-13 के दौरान द प रे में ₹ 2.62 करोड़*

[12] *जगजीवन राम अस्पताल*

अध्याय 3 ⟹ श्रमबल प्रबंधन

लेखापरीक्षा उद्देश्य 2

यह देखने के लिए कि क्या श्रमबल का निर्धारण और भर्ती वास्तविक थी और यह भी कि क्या उपलब्ध श्रमबल का प्रभावी तरीके से उपयोग किया गया था।

कुशल श्रमबल किसी सेवा उन्मुख संगठन का आधार है। श्रमबल आवश्यकताओं का उचित निर्धारण, उनकी भर्ती और तर्कसंगत तैनाती आवश्यक है क्योंकि उनका मरीज की देखभाल पर सीधा प्रभाव होता है। इस अध्याय में चिकित्सकों/पैरा मेडिकल स्टाफ की उपलब्धता और उनकी अविवेकी तैनाती, सलाहकार के नियोजन से संबंधित मामले, ठेका पर लिए गए चिकित्सकों (सीएमपीज)/मानदेय पर दौरा करने वाले विशेषज्ञों आदि का उल्लेख किया गया है।

3.1 श्रमबल की उपलब्धता

3.1.1 चिकित्सकों की उपलब्धता

2473 की संस्वीकृत क्षमता के प्रति 1 अप्रैल 2013 को 1970 चिकित्सा अधिकारी थे जिसके परिणामस्वरूप 503 (20.34 प्रतिशत) चिकित्सकों की कमी हुई। इसमें यह अन्तर्निहित है कि प्रत्येक 3228 लाभार्थियों के लिए एक चिकित्सक उपलब्ध था। समेकित वेतन पर ठेका पर लिए गए चिकित्सकों (सीएमपीज) को नियुक्त करके रिक्तियों को भरा जाता था। विशेषज्ञों की नियुक्ति के लिए कोई पृथक् संस्वीकृत क्षमता नहीं है। तथापि, उनका विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं के लिए नियोजन होता है। भारतीय रेल में 2008-13 के दौरान चिकित्सकों की रिक्त स्थितियों की तुलना में संस्वीकृत क्षमता को नीचे दर्शाया हैं :

चित्र 2: 2008-13 के दौरान चिकित्सकों की संस्वीकृत क्षमता और रिक्त की स्थिति



क्षेत्रीय रेलों के चयनित अस्पतालों में चिकित्सकों की उपलब्धता की प्रास्थिति से संबंधित अभिलेखों की संवीक्षा से निम्नलिखित का पता चला:

I. चार केन्द्रीय अस्पतालों[13] में संस्वीकृत क्षमता के प्रति 2012-13 के दौरान चिकित्सकों की कमी 21 प्रतिशत से 34 प्रतिशत के बीच थी। शेष 13 केन्द्रीय अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी 17 प्रतिशत से कम थी जिसे ***परिशिष्ट V*** में दर्शाया गया है। 17 केन्द्रीय अस्पतालों में से सात[14] में प्रति चिकित्सक मरीजों की संख्या का अनुपात 9156 और 20414 के बीच था। शेष नौ अस्पतालों में प्रति चिकित्सक मरीजों का अनुपात 1876 और 8779 के बीच था जैसाकि ***परिशिष्ट VI*** में दर्शाया गया है;

II. उत्पादन इकाईयों के पाँच अस्पतालों में से चार अस्पतालों[15] में 2012-13 के दौरान चिकित्सकों की कमी, रेल डिब्बा कारखाना/कपूरथला में अस्पताल को छोड़कर जहां चिकित्सकों की कोई कमी नहीं थी; 22 प्रतिशत से 38 प्रतिशत के बीच थी जैसाकि ***परिशिष्ट V*** में दर्शाया गया हैं;

III. नमूना जांच किए गए 41 मंडलीय/उप मंडलीय अस्पतालों में 2012-13 के दौरान 140 चिकित्सकों (23 प्रतिशत) की कमी थी जैसाकि ***परिशिष्ट V*** में दर्शाया गया

---

[13] *उ.प.रे. (21.05 प्रतिशत), प.म.रे. (23.53 प्रतिशत), पू.सी.रे. (33.33 प्रतिशत) और म.रे. (34.15 प्रतिशत)*

[14] *सीएच/बाइकुला/म.रे. सीएच/सीयलदह/ पू.रे., सीएच/गोरखपुर/उ.प.रे., सीएच/जयपुर/उ.प.रे., सीएच/हुबली/ द.प.रे., सीएच/एलजीजी/ द.म.रे., सीएच/ जबलपुर/ प.म.रे.*

[15] *सीएलडब्ल्यू/चितरंजन, डीएलडब्ल्यू/वाराणसी, आरडब्ल्यूएफ/येलाहँका और डीएमडब्ल्यू/पटियाला*

है। प्रति चिकित्सक मरीजों का अनुपात 3628 और 54218 के बीच था जैसाकि ***परिशिष्ट VI*** में दर्शाया गया है;

IV. चयनित अस्पतालों/स्वास्थ्य इकाईयों में चिकित्सकों की रिक्ति के कुछ विशिष्ट दृष्टान्तों का नीचे उल्लेख किया गया है:

i. रिक्तियों के प्रति ठेका पर लिए गए चिकित्सकों (सीएमपीज) की भर्ती के लिए प्रावधानों के बावजूद चिकित्सक 2010 और 2012 के बीच स्वास्थ्य इकाई/बीएसकेपी (पू त रे) में और जनवरी 2008 तथा फरवरी 2009 के बीच द म रे. की स्वास्थ्य इकाई/महबूबनगर में उपलब्ध नहीं थे;

ii. पाँच उत्पादन इकाईयों में से स्वास्थ्य इकाई दो उत्पादन इकाईयों (डीजल रेल इंजन कारखाना/वाराणसी और रेल इंजन कारखाना/चितरंजन) में उपलब्ध थी। यह देखा गया कि इन दो उत्पादन इकाईयों से सम्बद्ध एचयूज के लिए चिकित्सकों और पराचिकित्सीय स्टाफ के लिए कोई पृथक् संस्वीकृत क्षमता नहीं थी। रेल इंजन कारखाना/चितरंजन में 2013 के दौरान 25 चिकित्सकों की संस्वीकृत क्षमता के प्रति 19 चिकित्सक उपलब्ध थे। छः चिकित्सकों की कमी के कारण पाँच एचयूज की व्यवस्था तीन चिकित्सकों द्वारा की गई थी;

iii. वर्कशॉप अस्पताल/जगाधरी (उ.रे) में नौ चिकित्सकों की संस्वीकृत क्षमता के प्रति 2013 के दौरान केवल तीन चिकित्सक थे;

iv. दो क्षेत्रीय रेलों में नौ चिकित्सक (पू.रे.-5 और द.म.रे. -4) लम्बे समय से अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहे थे। पू.रे. में पाँच चिकित्सक 1999 से 2010 तक की अवधि के दौरान अनधिकृत रूप से अनुपस्थित थे। यद्यपि पाँच चिकित्सकों के प्रति कार्रवाई की गई थी फिर भी केवल एक चिकित्सक ने अप्रैल 2012 में फिर से कार्यभार ग्रहण किया था। द म रे के संबंध में अनधिकृत रूप से अनुपस्थित चिकित्सकों के प्रति कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। ;

v. 14 चिकित्सकों की संस्वीकृत क्षमता के प्रति मंडलीय अस्पताल/लालगढ (उ प रे) में रिक्तियां 2008-13 के दौरान 36 प्रतिशत से 50 प्रतिशत के बीच थी;

vi. लाला लाजपत राय अस्पताल/ रेल डिब्बा कारखाना (कपूरथला) में किसी ओप्थेलमेलोजिस्ट और इएनटी सर्जन को क्रमश: 2008-13 और 2011-13 के दौरान तैनात नहीं किया गया था। यहां 2011-13 के दौरान कोई स्त्री रोग विशेषज्ञ और 2013के दौरान आर्थोपेडिक सर्जन भी नहीं था ;

vii. सीएच/सियालदह (पू.रे.) में डेन्टल वार्ड को हाऊस स्टाफ द्वारा चलाया जा रहा था क्योंकि 2008-13 के दौरान कोई दंत चिकित्सक तैनात नहीं किया गया था;

viii. रेल डिब्बा कारखाना/कपूरथला में सात चिकित्सीय उपस्कर ओप्थेलमोलोजिस्ट और रेडियोलोजिस्ट की अनुपलब्धता के कारण दूसरे अस्पतालों में हस्तांतरण के लिए प्रस्तावित थे, और

ix. आठ क्षेत्रीय रेलों के आठ केन्द्रीय अस्पतालों और बीस मंडलीय/उप मंडलीय अस्पतालों और दो उत्पादन[16] इकाईयों के अस्पतालों में ₹ 4.38 करोड़ मूल्य के चिकित्सा उपस्कर 2008-13 की समीक्षा अवधि के दौरान विभिन्न अवधियों से निष्क्रिय पड़े हुए थे। इनमें से तीन क्षेत्रीय रेल (द पू म रे, पू त रे और उ रे) में चिकित्सा उपस्कर इन उपस्करों की हैडलिंग में कुशल चिकित्सकों की कमी के कारण निष्क्रिय पड़े रहे। उदाहरणार्थ, ₹ 0.17 करोड़ की कीमत की एन्ड्रोस्कापी और कोलोनोस्कोपी मशीने सीएच/बिलासपुर(द पू म रे) में सितम्बर 2011 से निष्क्रिय पड़ी थी। जनवरी 2008 और जून 2011 में खरीदी गई ₹ 23 लाख मूल्य की क्रमश:फेको इमलसिफिकेशन प्रणाली और ओपरेटिग आई माइक्रोस्कोप अप्रयुक्त पड़ी रही क्योंकि किसी ओप्थेलमोलोजिस्ट को डीएच/एमबी में डीएच/केयूआर/पू.त.रे.,अल्ट्रासोनोग्राफी विभाग में तैनात नहीं किया गया

---

[16] *द.पू.म.रे. (₹ 16.87 लाख), उ.प.रे.(₹ 18.99 लाख), म.रे. (₹ 0.09 लाख), पू.रे. (₹ 1.60 लाख), प.रे. (₹ 3.20 करोड़), पू.सी.रे. (₹ 5.00 लाख), उ.रे.(₹ 31.60 लाख), पू.त.रे. (₹ 12.98 लाख) सीएलडब्ल्यू/चितरंजन (₹ 13.59) और डीएलडब्ल्यू वाराणसी (₹ 17.10 लाख)*

था और उ.रे. के डीएच/ जेयूडीडब्ल्यू को विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण बंद कर दिया गया था। *(परिशिष्ट VII)*

3.1.2 चिकित्सकों की तैनाती

सीएच/गोरखपुर (उ.पू.रे) में सर्जन, कार्डियोलोजिस्ट, त्वचा विशेषज्ञ इएनटी विशेषज्ञ उपलब्ध नहीं थे। दूसरी तरफ विशेषज्ञों को स्वास्थ्य इकाई (एचयू)में तैनात किया गया था जहां केवल प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जाता था। कुछ उदाहरणों का उल्लेख नीचे किया गया है:

I. विशेषज्ञों चिकित्सकों की सेवाओं की मंडलीय और केन्द्रीय अस्पतालों में आवश्यकता है जहां द्वितीयक/तृतीयक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। लेखापरीक्षा ने पाया कि आर्थो विशेषज्ञ को बैंगारपेट[17] में एचयू पर तैनात किया गया था और एक बाल रोग विशेषज्ञ को आरसीकेर[18] (द प रे) में स्वास्थ्य इकाई में तैनात किया गया था। यह भी पाया गया कि एचयू/बैगारपेट पर तैनात आर्थो विशेषज्ञ सप्ताह में दो बार डीएच/बैंगलोर[19] में भी सेवा देता था। सहायक और विशेषज्ञों की सेवा उपलब्ध कराने के लिए मंडलीय अस्पतालों पर नियमित तैनाती की बजाय एचयू पर विशेषज्ञों की तैनाती विवेकहीन थी; और

II. द.म.रे. में दस स्त्री विशेषज्ञों में से पाँच स्त्री रोग विशेषज्ञ केन्द्रीय अस्पताल/ललागुडा में तैनात थे। तथापि, 25 बिस्तरों की क्षमता वाले मंडलीय अस्पताल, नान्देद में कोई स्त्री रोग विशेषज्ञ तैनात नहीं था।

इस प्रकार, चिकित्सकों/विशेषज्ञों की कमी के अलावा चिकित्सकों/विशेषज्ञों की अविवेकी तैनाती ने भी चिकित्सा उपस्कर के निष्क्रिय होने में योगदान दिया।

रेलवे बोर्ड ने बताया (जुलाई 2014) कि स्वास्थ्य निदेशालय के नियंत्रण के बाहर के विभिन्न कारकों के कारण यूपीएससी द्वारा चयनित उम्मीदवारों ने भारतीय रेल चिकित्सा सेवा में कार्यभार ग्रहण नहीं किया। आगे यह बताया गया कि रिक्ति स्थिति

---

[17] *एचयू/बेंगारपेट में लगभग 500 लाभ भोगी थे और प्रति दिन 28 से 30 मरीजों का इलाज किया गया।*

[18] *एचयू में लगभग 1000 लाभभोगी थे और प्रति दिन 35 से 40 मरीजों का इलाज किया गया।*

[19] *डीएच बेंगलोर में लगभग 50000 लाभभोगी थे और प्रतिदिन 375 से 445 मरीजों का इलाज किया गया।*

में पर्याप्त रूप से सुधार आएगा यदि यूपीएससी द्वारा चयनित चिकित्सा अधिकारी भारतीय रेल चिकित्सा सेवाओं में कार्यभार ग्रहण कर लिया होता। तथापि, तथ्य यह रहा कि मौजूदा संसाधनों का विवेकपूर्ण रूप से उपयोग नहीं किया गया था क्योंकि यह देखा गया कि मंडलीय/उप मंडलीय अस्पतालों में जो लगभग 50,000 लाभार्थियों की सेवा करते हैं और जहां द्वितीयक चिकित्सा उपलब्ध कराई जा रही है वहां विशेषज्ञ उपलब्ध नहीं थे और दूसरी तरफ विशेषज्ञ कम जनसंख्या वाली स्वास्थ्य इकाईयों में तैनात किए गए थे और जहां केवल प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराई जा रही थी।

3.1.3 परा चिकित्सकीय स्टाफ

पराचिकित्सकीय स्टाफ[20] स्वास्थ्य देखभाल पेशावर है जो आकस्मिक चिकित्सा परिस्थितियों में और डाइग्नोसिस सहित आरम्भिक निर्धारण और मरीज की विशेष स्वास्थ्य स्थिति के प्रबंधन के लिए उपचार योजना में भी कार्य करते हैं। उन्हें अस्पतालों और स्वास्थ्य इकाईयों दोनों में तैनात किया जाता है। पराचिकित्सकीय संवर्ग में रिक्तियों में 2008-09 में 1906 से 2012-13 में 2102 तक 10 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई। भारतीय रेल में 2008-13 के दौरान पराचिकित्सकीय स्टाफ की संस्वीकृत क्षमता और रिक्ति स्थिति को नीचे दर्शाया गया है:

चित्र 3: भारतीय रेल में 2008-13 में पराचिकित्सकीय स्टाफ की संस्वीकृत क्षमता और रिक्ति स्थिति



चयनित अस्पतालों के अभिलेखों की संवीक्षा पर लेखापरीक्षा ने निम्नलिखित देखा:

[20] *नर्सें, मेट्रन, फार्मासिस्ट, फिजियोथेरेपिस्ट, स्वास्थ्य एवं मलेरिया निरीक्षक, रेडियोग्राफर आदि शामिल है।*

I. 17 केन्द्रीय अस्पतालों में से पाँच[21] में प्रति पराचिकित्सकीय स्टाफ मरीजों की संख्या 2113 और 3326 के बीच थी। सीएच/पेराम्बुर द रे में अनुपात 1:38442 के रूप में अत्यधिक उच्च था। शेष 11 अस्पतालों में प्रति पराचिकित्सकीय मरीज 111 और 1597 के बीच थे जैसाकि ***परिशिष्ट VI*** में दर्शाया गया है ;

II. नमूना जांच किए गए 41 मंडलीय/उपमंडलीय अस्पतालों में से 14 मंडलीय/उपमंडलीय अस्पतालों[22] में प्रति पराचिकित्सकीय स्टाफ मरीज 2290 और 7352 के बीच थे। शेष 27 अस्पतालों में प्रति पराचिकित्सकीय मरीज 506 और 1928 के बीच थे जैसाकि ***परिशिष्ट VI*** में दर्शाया गया है;

III. सीएच/प.रे. में 185 की संस्वीकृत क्षमता के प्रति 64 पराचिकित्सकीय स्टाफ (35 प्रतिशत) की कमी थी। इसी प्रकार, रेल व्हील प्लान्ट अस्पताल/बेला (पू.म.रे) में, 14 स्टाफ की संस्वीकृत क्षमता के प्रति मात्र दो पराचिकित्सकीय स्टाफ तैनात किया गया था।;

IV. पराचिकित्सकीय स्टाफ की कमी और मशीनों की परिणामी निष्क्रियता भी नमूना जांच किए गए चयनित अस्पतालों में देखी गई थी जैसाकि नीचे उल्लेख किया गया है:

i. चार क्षेत्रीय रेलों[23] के आठ अस्पतालों और डीजल रेल इंजन कारखाना/वाराणसी में एक अस्पताल में अल्ट्रा सोनोग्राफी मशीनों आंखों के ऑपरेशन के लिए फेको इमलसीफिटेशन सिस्टम, फिजियोथेरेपी उपस्करों आदि जैसे 39 चिकित्सा उपस्कर 2008 से विभिन्न अवधियों से निष्क्रिय रहें;

ii. सीएच/डब्ल्यूआर में कोरोनरी बायपास सर्जरी के लिए कार्डियो बस्कुलर विभाग के लिए खरीदे गए ₹ 3.20 करोड़ मूल्य के चिकित्सा उपस्कर निष्क्रिय पड़े रहे;

---

[21] *सीएच/बाइकुला/म.रे.,सीएच/गोरखपुर/उ.पू.रे., सीएच/बिलासपुर/द.पू.म.रे.,सीएच/हुबली/द.प.रे. और सीएच/जबलपुर/प.म.रे*

[22] *डीएच/कल्याण (म.रे.), एसडीएच/समस्तीपुर (पू.म.रे.), डीएच/लम्डिंग (पू.सी.रे.), डीएच/बीएनजेड, एसडीएच/जीडी (उ.पू.रे.), डीएच/मुरादाबाद, डीएच, लखनऊ, एसडीएच/अमृतसर(उ.रे.), डीएच/एसडीएचज (उ.प.रे.), डीएच/बीजेडए, डीएच/रायपुर (द.पू.म.रे.), डीएच/कोटा और एसडीएच/एनकेजे (प.म.रे.), डीएच/प्रतापनगर और रतलाम (प.रे)*

[23] *म रे, पू त रे, उ प रे, और प रे*

iii. मंडलीय अस्पताल/लालगढ (बिकानेर)/उ प रे के फिजियोथेरेपी विभाग फिजियोथेरेपिस्ट की अनुपलब्धता के कारण जुलाई 2012 से बंद पड़े थे। इसी प्रकार एचयू/लुधियाना /उ रे. में एक आपरेशन थिएटर का चिकित्सकों और पराचिकित्सकीय की अनुपलब्धता के कारण उपयोग नहीं किया जा सका। वर्कशॉप अस्पताल/कंचरापाड़ा/पू रे में फिजियोथेरेपी विभाग बिना किसी फिजियोथेरेपिस्ट के कार्य कर रहा था।

चार क्षेत्रीय रेल[24] के चार केन्द्रीय, तीन मंडलीय/उपमंडलीय अस्पतालों में ₹ 3.52 करोड़ की लागत पर खरीदे गए 23 चिकित्सा उपस्कर भर्ती में विलम्ब और आवश्यक पराचिकित्सकीय स्टाफ और विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती (डब्ल्यूआर) और तकनीकी स्टाफ की कमी (उ म रे और म रे) एवं चिकित्सकों की कमी (एमआर) जैसे विभिन्न कारणों से उपयोग नहीं किया जा सके थे; **(परिशिष्ट *VII*)**

पराचिकित्सकीय स्टाफ की कमी ने चिकित्सा सेवाओं को प्रभावित किया क्योंकि अस्पतालों में उपस्कर निष्क्रिय पड़े हुए थे।

रेलवे बोर्ड ने बताया (जुलाई 2014) कि अस्पतालों की कार्यप्रणाली प्रभावित नहीं होगी यदि रिक्ति दर को पराचिकित्सकीय स्टाफ के अन्तर्गत सभी श्रेणियों में बांट दिया जाता है। रेलवे बोर्ड ने आगे दावे के साथ कहा कि यदि सभी रिक्तियाँ एक उप श्रेणी में आती है तब यह अस्पताल के प्रचालन को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करेगा। रेलवे बोर्ड का उत्तर पराचिकित्सकीय स्टाफ की कमी के मामले का समाधान नहीं करता जिसके परिणामस्वरूप उपरोक्त कथनानुसार चिकित्सा उपस्कर निष्क्रिय पड़े रहें।

3.1.4 ठेका पर लिए गए चिकित्सक और ओनोरेरी दौरा करने वाले विशेषज्ञ/सलाहकार

